Title: Regarding breaking out of gastroeneritis and malaria in Seoni district of Madhya Pradesh.

श्री रामनरेश त्रिपाठी (सिवनी) : सभापति महोदय, मध्य प्रदेश के जबलपुर, सिवनी जिलों के ग्रामीण तथा आदिवासी अंचलों में उल्टी-दस्त तथा मलेरिया की भीषण बीमारी फैली हुई है । जबलपुर जिले के पाटन तहसील के चरगवां क्षेत्र जो वहां का एक आदिवासी हिस्सा है उसके ग्राम दफकिया में दो लोगों की उल्टी-दस्त से मौत हो चुकी है। वहां स्वास्थ्य सेवाओं का कहीं अता-पता नहीं है और न ही कोई स्वास्थ्य कर्मचारी ग्रामवासियों की सुधि लेने के लिए वहां पहुंच रहा है । जबलपुर और सिवनी जिले के आदिवासी अंचलों के सैकड़ों ग्राम उल्टी-दस्त और मलेरिया से प्रभावित हैं । उन इलाकों में साफ-सफाई नहीं हुई, रोगों और मच्छरों पर नियंत्रण करने के लिए दवाइयों का छिड़काव जो होता रहता है, वह वर्षों से नहीं हुआ । जिसके कारण सारे गांव के गांव उल्टी-दस्त और मलेरिया की चपेट में हैं । मेरा केन्द्रीय शासन से आग्रह है कि वहां शीघ्र हस्तक्षेप करके इन बीमारियों को महामारी बनने से रोके और ग्रामीण जनों तथा आदिवासियों की जान और माल की हिफाजत करें ।